आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 31.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – उच्च शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण की आधारशिला है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- चमोली जिले की नीति घाटी में आज से दो दिवसीय 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' शुरू।
- मसूरी स्थित आईटीबीपी अकादमी में आज 132 सहायक सेनानी  राष्ट्र सेवा और सीमा सुरक्षा की शपथ लेगें।

उच्च शिक्षा–सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उच्च शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान और कौशल विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं, जो भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री धामी ने देहरादून में 'विकसित भारत 2047 के निर्माण में उच्च शिक्षा का महत्त्व' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 भारतीय शिक्षा प्रणाली के प्राचीन गौरव को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार, अनुसंधान और व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देने के साथ उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी, ऑनलाइन शिक्षण सुविधाओं के विस्तार के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस जैसे आधुनिक विषयों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

इसका प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में भी कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

उर्वरकों का उपयोग

उर्वरकों के संतुलित और उचित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महीने का खेत बचाओ अभियान सोमवार से शुरू होगा। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अभियान में खेतों, किसानों और गांवों को जोडते हुए इसे व्यापक राष्ट्रीय अभियान बनाया जाना चाहिए। नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे अभियान का मुख्य ध्यान उर्वरकों का संतुलित और उचित प्रयोग, मौसम की चुनौतियों के मद्देनजर किसानों को समय पर परामर्श, पंचायत स्तर पर किसानों की भागीदारी तथा गांवों को सीधे योजनाओं के लाभ पर केंद्रित होना चाहिए।

झीलों का विकास

सरकार झीलों की नगरी नैनीताल को संवारने और सजाने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है। इस दिशा में भीमताल, नौ–कुचियाताल और कमलताल के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। झील विकास परियोजनाओं पर 46 करोड़ की धनराशि खर्च की जा रही है। सचिव आवास डॉ आर राजेश कुमार ने कल झीलों के निरीक्षण के साथ ही अन्य विकास कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने बताया कि नैनीताल जिले में झीलों के संरक्षण, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। सचिव आवास ने बताया कि नौकुचियाताल झील के सौंदर्यीकरण के लिए बीस करोड़ से अधिक की धनराशि में बोटिंग स्टैंड, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पार्किंग सुविधा, फ्लोटिंग जेट्टी, 2089 मीटर लंबा पैदल मार्ग, गज़ीबो निर्माण, व्यूपॉइंट्स, लैंडस्केपिंग एवं सोलर लाइटिंग जैसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही भीमताल, कमलताल झीलों को भी सुंदर आकर्षक बनाया जाएगा।

नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन

चमोली जिले की नीति घाटी में आज से दो दिवसीय 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का आयोजन शुरू हो गया है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग और भारतीय सेना के समन्वय से आयोजित यह प्रतियोगिता सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने और सीमावर्ती क्षेत्रों को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

अल्ट्रा रन में 75 किलोमीटर, 42 किलोमिटर, 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की विभिन्न श्रेणियां शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले धावकों को ऊंचाई, कम ऑक्सीजन और बदलते मौसम जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना होगा।

## आईटीबीपी शपथ

मसूरी स्थित भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल अकादमी में आज आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 132 सहायक सेनानी और एक महिला उप–सेनानी राष्ट्र सेवा और सीमा सुरक्षा की शपथ लेगें। समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्य न्यायाधीश के मसूरी आगमन को लेकर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पास आउट अधिकारियों में देश के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 31 एमबीबीएस डॉक्टर, 31 बी–टेक इंजीनियर, एमडी, एम–टेक और अन्य उच्च शिक्षित युवा भी शामिल हैं। इस अवसर पर पवन कुमार मीना को गृह मंत्री स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और बेस्ट ऑल राउंड ट्रेनी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वहीं सचिन को बेस्ट आउटडोर ट्रेनी और कोंतेय मिश्रा को बेस्ट इंडोर ट्रेनी चुना गया है।

## पेट्रोल–डीजल

देहरादून जिले के जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से ईंधन का स्टॉक न करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न तेल कंपनियों के कुल 167 पेट्रोल–डीजल पंप संचालित हैं और सभी पंपों पर पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है और तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

## स्नातक प्रवेश

कुमाऊं विश्वविद्यालय में बीए, बी एससी और बी कॉम सहित स्नातक (यूजी) स्तरीय सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण व प्रवेश के लिए पचास रुपये निर्धारित शुल्क जमा कर 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश संबंधी जानकारियां समर्थ पोर्टल भी उपलब्ध हैं।

## न्यायालय का फैसला

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. उत्तम कुमार शर्मा की नियुक्ति को चुनौती देने वाली दो जनहित याचिकाओं को खारिज करते हुए उनकी नियुक्ति को वैध ठहराया है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने कल निर्णय सुनाते हुए कहा कि कुलपति का चयन उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 व यूजीसी विनियम, 2018 के अनुरूप किया गया है।

याचिकाकर्ताओं डॉ. नवनीत परमार और दीपमाला ने कुलपति डॉ. उत्तम कुमार शर्मा की योग्यता पर सवाल उठाते हुए दावा किया था कि उनके पास प्रोफेसर पद का आवश्यक 10 वर्ष का अनुभव नहीं था। याचिकाओं में कहा गया कि प्राचार्य के रूप में किया गया कार्य शिक्षण अनुभव नहीं माना जा सकता, इसलिए वे कुलपति पद के लिए पात्र नहीं थे।

वार्षिक खेल

नैनीताल जिले में स्थित सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में वार्षिक खेल दिवस–2026 का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न एथलेटिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें कैडेट्स ने खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के स्टाफ और अभिभावकों के लिए भी विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

प्रतियोगिताओं में बछेंद्री हाउस ने सर्वश्रेष्ठ ड्रिल प्रतियोगिता का खिताब जीता, जबकि जिम्नास्टिक्स टीम को सर्वश्रेष्ठ इवेंट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। केसरी हाउस ने एथलेटिक्स चौंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

अपने संबोधन में अतिरिक्त आयुक्त अलीगढ़ अरुण कुमार यादव ने खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने कैडेट्स को खेलों में सक्रिय भागीदारी और निरंतर परिश्रम के लिए प्रेरित किया।

यह आयोजन कैडेट्स के लिए प्रेरणा और खेल भावना को प्रोत्साहित करने वाला यादगार अवसर साबित हुआ।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

सीयूईटी में गड़बड़ी की खबर सभी समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया है। दैनिक जागरण लिखता है – अब सीयूईटी–यूजी में भी गड़बड़ी। इस खबर पर अमर उजाला लिखता है – सीयूईटी–यूजी : एक और परीक्षा बाधित, एनटीए दोबारा नाकाम, विद्यार्थी परेशान।

गढ़वाल मंडल में वाहन दुर्घटनाओं के समाचार को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है – गढ़वाल में हादसों में दस लोगों की मौत।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के उत्तराखंड दौरे की खबरों को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है – धामी के नेतृत्व में फिर बनेगी सरकार : नवीन।

मौसम में बदलाव की खबरों को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है – एक घंटे की बारिश से शहर पानी से लबालब।